स्पीड न्यूज

## खिड़की के लोहे की रॉड चोरी

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल तोपा शॉपिंग सेंटर स्थित सहकारी आटा चक्की के पिछवाड़े का खिड़की तोड़ कर बीती रात चोरों ने चोरी का असफल प्रयास किया। चोर मात्र खिड़की में लगे लोहे की रॉड को चुरा ले गये। इसकी जानकारी लोगों को गुरुवार सुबह तब हुई जब चक्की संचालक ग्राम ओरला निवासी प्रेम प्रसाद उर्फ दीपू ने अन्य दिनों की तरह अपने दुकान को खोला। दुकानदार के अनुसार दुकान से मात्र खिड़की के लोहे के रॉड को ले जाने में चोर सफल रहे। दुकानदार के अनुसार दुकान में ग्राहकों के कई बोरे आटे थे, सौभाग्य है कि बोरी व थैले में पड़े कई क्विंटल आटा सुरक्षित रह गए। संभावना व्यक्त की जा रही है कि चोरी के लिए पर्याप्त समय नहीं मिलने के कारण चोर चक्की का मोटर व आटा ले जाने में असफल रहे और मौका पाकर फरार हो गये।

## हाथियों ने करमा दक्षिणी पंचायत में ढाया कहर

**कुजू।** हाथियों के झुंड द्वारा करमा दक्षिणी पंचायत के उखरबेड़वा टोला, सतढेकिया, पूरनाडीह में भारी तबाही मचाई है। किसानों की फसलों को नष्ट व अन्य नुकसान किए जाने को लेकर मुखिया खागेश्वर महतो ने डीएफओ से संपर्क साधकर क्षतिपूर्ति की मांग की है। श्री महतो ने कहा कि हाथियों द्वारा किसानों की धान, अरहर, आलू की फसल को नष्ट करते हुए कई एक स्थानों पर चारदीवारी गिरा दी गई है। जिससे भुक्तभोगी किसान तेजनाथ महतो, गोबरनाथ महतो, मोहन महतो, खेमलाल महतो, विनोद महतो, सुखलाल महतो, भुनेश्वर महतो, विकास महतो आदि काफी चिंतित हैं। उन्होंने कहा है कि इन्ही फसलों के सहारे किसान पूरे साल अपनी रोजी-रोटी चलाते हैं। श्री महतो ने किसानों को क्षतिपूर्ति राशि भुगतान की मांग की है।

## आइपीएल गोलीकांड मामले में विधायक ममता देवी न्यायिक हिरासत में

**रामगढ़।** रामगढ़ विधायक ममता देवी सहित 12 लोगों को हजारीबाग में न्यायालय द्वारा आईपीएल मामले की सुनवाई के दौरान पुलिस ने गुरूवार को हिरासत में ले लिया। इस मामले में न्यायालय द्वारा सजा का निर्णय आगामी 12 दिसंबर को किया जाएगा। बताया गया कि न्यायालय द्वारा मामले में रामगढ़ विधायक ममता देवी, राजीव जायसवाल, मनोज पुझर, अभिषेक सोनी, बालेश्वर भगत, कुंवर महतो सहित 12 लोगों को दोषी करार दिया गया है।

## महाकाली मंदिर के निर्माण को लेकर भूमिपूजन

**रजरप्पा।** गोला प्रखंड के बरियातू पंचायत के नावाडीह गाँव के भेरवी नदी के तट पर माँ भेरवी की पूजा स्थान पर महाकाली मंदिर की निर्माण को लेकर भूमिपूजन किया गया. पंडित अनिल पांडे ने विधिवत रूप से भूमि पूजन किया। बताते चले कि यह मंदिर गाँव में बरसों पुरानी स्थल है। यहाँ गाँव और आस पास के लोग यहाँ मुंडन और मन्नत मांगते है, यहाँ से लोग माँ छिन्नमस्तिके से अपनी लिए मन्नत मांगते है वह पूरी होने से यहाँ आकर पूजा अर्चना करते है।

## जुबिली कॉलेज में सेमिनार का हुआ आयोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित जुबिली कॉलेज में आईक्यूएसी व राजनीति विभाग के तत्वावधान में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय धारा 370 व 35 ए था। इसमें मुख्य वक्ता रामगढ़ कॉलेज की सहायक प्रध्यापिका डॉ.बलवंती मिंज ने विद्यार्थियों को धारा 370 व 35 ए की विस्तृत व्याख्या करते हुए इसपर प्रकाश डाला। मौके पर कई विद्यार्थियों व शिक्षको ने भी सेमिनार में अपना व्याख्यान दिया। मौके पर प्राचार्य डॉ.आरके दास ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को धाराओं की जानकारी होनी चाहिए। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. आरके दास, विभागध्यक्ष प्रो.आलोक कुमार, डॉ.एसपी पांडेय, डॉ.विभा राय, डॉ.एसएस पांडेय, प्रो.मनोज कुमार दास, प्रो.सुनील कुमार, प्रो. नर्मदेश्वर पांडेय, डॉ.एसपी दांगी, प्रो. बालमुकुंद सिंह, डॉ.अरूण कुमार सिंह सहित दर्जनों विद्यार्थी मौजूद थे।

# उर्दू विद्यालय के मुद्दे पर मुख्यमंत्री से मिलेगी तंजीमुल अंसार कमेटी

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** स्थानीय माली मुहल्ला स्थित तंजीमुल अंसार कमेटी के जिला कार्यालय में पलामू जिले में हटाये गये 49 उर्दू विद्यालयों का नाम पूर्व की भांति यथावत रखने के मुद्दे पर बैठक आहूत की गई जिसमें तंजीम के पदाधिकारी एवं शहर के बुद्धिजीवी शामिल हुए। बैठक में तंजीम के अध्यक्ष अशफाक अहमद ने सम्बोधित करते हुए कहा कि तत्कालीन जिला शिक्षा अधीक्षक पलामू के आदेश द्वारा जिले के 49 उर्दू विद्यालयों का नाम हटाकर सामान्य विद्यालय कर दिया गया है। हटाये गये सभी उर्दू विद्यालय सन 2010 के बहुत पहले से संचालित हैं। ऐसी स्थिति में यह आदेश किसी प्रकार से तर्क एवं न्यायसंगत प्रतीत नहीं होता है। उन्होंने कहा कि पलामू जिला के शिक्षा विभाग की इस मनमानी एवं पक्षपातपूर्ण कार्य शैली से जनता में काफी आक्रोश है जिसका प्रभाव समाज के एक विशेष समुदाय पर पड़ेगा। 9 दिसम्बर को माननीय मुख्यमंत्री का आगमन शहर मेदिनीनगर में हो रहा है। इस मुद्दे को लेकर तंजीम माननीय मुख्यमंत्री से मिलकर पूरी वस्तुस्थिति से अवगत करायेगी एवं सम्बंधित पदाधिकारीयों पर कार्यवाई की मांग करेगी। तथा उर्दू विद्यालयों को पुर्व की भांति रखने की मांग करेगी। विदित हो कि पूर्व में तंजीम उपायुक्त एंव शिक्षा पदाधिकारी से कई बार इस विषय पर मिल चुकी है।झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला सचिव सन्नु सिद्दिकी ने अपने सम्बोधन में कहा कि तंजीम द्वारा उर्दू विद्यालय के मामले पर उठाई गई माँगों पर हमारी पार्टी पूरा समर्थन करती है एवं मुख्यमंत्री के आगमन के क्रम में हमलोग मिलकर इस मुद्दे को उनके समक्ष रखेंगे और इस समस्या का निराकरण करायेगें। सभा का संचालन तंजीम के सचिव नसीम अहमद ने किया।अंत में उर्दू जगत के मशहूर कवि-साहित्यकार मिर्जा खलील बेग ताहिर के निधन पर तंजीम ने खिरजे अकीदत पेश करते हुऐ कहा मशहूर शायर एवं साहित्यकार डाक्टर मकबूल मंजर ने कहा कि मिर्जा खलील बेग उर्दू एंव हिन्दी के साहित्यकार एवं गंगा -जमुनी तहजीब के प्रतीक थे। उनके स्थान की भरपाई नहीं हो पायेगी। उन्होंने अपने जीवनकाल मे नौ किताबों की रचना की थी। उनके लिए दुआए - मगफिरत की गई। धन्यवाद ज्ञापन तंजीम के सरपरस्त ज्याउद्दीन अंसारी ने किया। इस मौके पर तंजीम के नायब सदर हाजी महबूब नूरी, मो॰ कलाम आजाद, तंजीम के प्रवक्ता मो॰ फैजुन्नबी उर्फ रजा, हाजी मोबिन अली, हाजी अमीन रहबर, रवायत हुसैन, मो॰ मुमताज, मो॰ यासीन, फय्याज अहमद, आफताब अहमद, यूसूफ अंसारी, समीर ज्या, मो॰ परवेज आलम, ताजुद्दिन अंसारी, हसन इमाम,सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

एक नजर में

## जिप अध्यक्ष प्रतिनिधि ने दीपा प्लाई और हार्डवेयर दुकान का किया उद्घाटन



फीता काटकर हार्डवेयर दुकान का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के नया मोड़ छोटकीपोना स्थित दीपा प्लाई एवं हार्डवेयर दुकान का उदघाटन मौजूद बतौर मुख्य अथिति रामगढ़ जिप अध्यक्ष प्रतिनिधि गोपाल चौधरी ने फीता काटकर किया। इससे पहले परिवारजनों द्वारा विधि विधान से हवन पूजन भी किया गया तथा प्रसाद वितरण किया गया।

इस मौके पर श्री चौधरी ने कहा कि यह प्रतिष्ठान के खुलने से शहर वासियों को उचित मूल्यों पर अच्छी क्वालिटी के सामानों को उपलब्धता किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि ग्राहकों की सेवा का ख्याल रखना ही व्यवसाय की मूल बात होती है। दुकान के प्रोपराइटर दुलेश्वर राम दांगी ने कहा कि ग्राहकों को बेहतर सेवा देने का हर संभव प्रयास किया जायेगा।

फर्नीचर संबंधित सारे सामान को जनता के लिए उचित दरों पर उपलब्ध किया जाएगा।

इससे पूर्व यहां पहुँचे मुख्य अथिति को माला पहनाकर स्वागत किया गया. मौके पर समाजसेवी नंदकिशोर राम दांगी, रोशन कुमार, सुनील कुमार, निर्मल महतो, प्रदीप मुंडा, गौतम, माखन, सौरभ कुमार, भुनेश्वर कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## गुजरात की जनता ने तोड़े सारे रिकॉर्ड : काली शर्मा



खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** भाजयुमो प्रदेश मीडिया प्रभारी कृष्णा शर्मा काली ने गुजरात ने हमेशा इतिहास रचने का काम किया है। पिछले दो दशक में मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा ने गुजरात में विकास के सभी रिकॉर्ड तोड़े और आज गुजरात की जनता ने भाजपा को आशीर्वाद देकर जीत के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। यह नरेंद्र मोदी जी के विकास मॉडल में जनता के अटूट विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि इस जीत का सबसे बड़ा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनता का भरोसा, उनकी लोकप्रियता और साख को जाता है. काली शर्मा ने मोदी जी को बधाई और जनता का आभार व्यक्त किया।

## गुजरात विस चुनाव में भाजपा की प्रचंड बहुमत पर काले ने पीएम को दी बधाई

५ फोटो काले



**जमशेदपुर।** गुजरात विधानसभा चुनाव में पूर्व के सारे कीर्तिमान को तोड़ भाजपा द्वारा दर्ज प्रचंड व ऐतिहासिक जीत पर झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता एवं वर्तमान में भाजपा से निष्कासित नेता अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि भाजपा की ऐतिहासिक विजय विकास, सुशासन और लोक कल्याण के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता की जीत है। गुजरात की जनता का नरेंद्र मोदी पर अटूट विश्वास व भाजपा के सर्व स्पर्शी-समावेशी विकास नीति पर जनता के विश्वास का परिणाम है। इस ऐतिहासिक परिणाम से साबित हो गया कि देश नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ही अपना भविष्य देखता है। साथ ही इस विजय का श्रेय भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ कार्यकताओं को जाता है।

उनके अथक परिश्रम से भाजपा ने सारे रिकॉर्ड तोड़, एक नया इतिहास रच दिया है। काले ने हिमाचल प्रदेश में भाजपा की हार पर कहा कि इसपर केंद्रीय नेतृत्व व हिमाचल प्रदेश संगठन निश्चित ही चिंतन और विचार करेगी और आने वाले समय में नई ऊर्जा से पुनः मैदान में रहेगी और जनता का विश्वास अर्जित करेगी।

## स्व. बिपिन रावत के अधूरे सपनों को पूरा करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी : आरके शर्मा




सीडीएस जनरल बिपिन रावत की तस्वीर पर माल्यार्पण करती सचिव इंदु शर्मा

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एसवीएम पब्लिक स्कूल सुंदरनगर भुरकुंडा में गुरूवार को सीडीएस जनरल बिपिन रावत की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह निदेशक आरके शर्मा ने सीडीएस जनरल बिपिन रावत के तस्वीर पर माल्र्यापण कर की। इसके बाद विद्यालय के प्रबंधक सलाहकार गुरेंद्र सिंह व सचिव इंदु शर्मा सहित उपस्थित लोगों ने भारत के रक्षा में सीडीएस बिपिन रावत के महत्वपूर्ण कदम और भूमिका बताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि समर्पित की। मौके पर प्रधानाध्यापक सह निदेशक आरके शर्मा ने सीडीएस जनरल बिपिन रावत के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। श्री शर्मा ने कहा कि उनके अधूरे सपनों को पूरा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान दिवंगत जनरल बिपिन रावत के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। मौके पर अविनाश कुमार पांडेय, हेमंत वर्मा, नंदिनी वर्मा, सुनील वर्मा, मधुसागर, अंजली सिंह, कलावती देवी, लीलावती, कुसुम सहित दर्जनों शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी मौजूद थें।

## मोदी ने भाजपा को प्रचण्ड जीत देकर इतिहास बनाया है: राजेश



खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता और वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल ने गुजरात विधान सभा चुनाव में भाजपा को मिले प्रचंड बहुमत का स्वागत करते हुए गुजरात की जनता का आभार व्यक्त करते हुए भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री श्री अमित भाई शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे पी नड्डा को बधाई दिया है।

श्री शुक्ल जो प्रदेश भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता है तथा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य और प्रदेश भाजपा के विधि और कानून विभाग के अभी संयोजक है ने कहा है कि देश के लोकतांत्रिक इतिहास में गुजरात ने शानदार इतिहास बनाया है। गुजरात के लोंगो ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश मे हो रहे तेजी से विकास का समर्थन किया है और देश को रास्ता दिखाते हुए श्री मोदी के नेतृत्व में अटूट विश्वास व्यक्त किया है।

## जगह-जगह जलाये जा रहे अलाव

खबर मन्त्र संवाददाता



**जमशेदपुर।** कार्यपालक पदाधिकारी के निर्देश में बढ़ती ठंड को देखते हुए मानगो नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न स्थानों में अलाव जलाने का कार्य किया जा रहा है। कार्यालय मानगो नगर निगम द्वारा ओल्ड पुरुलिया रोड, डिमना रोड, डिगना चौक, मानगो चौक, पार डि ह चौक आदि कई स्थानों के चौक चौराहा पर अलाव जलाए जा रहे हैं। ताकि लोगों को ठंड से निजात मिल सके। कार्यपालक पदाधिकारी ने ठंड मौसम तक नगर निगम के चौक चौराहों आदि स्थानों में प्रतिदिन अलाव जलाने का निर्देश दिया है।

## वारिस कॉलोनी में नेत्र शिविर कल

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** समाजिक संस्था 'सेंट्रल रिलीफ वेलफेयर ट्रस्ट' के तत्वावधान मे अगामी 10 दिसंबर को एडम होम मिशन इंग्लिश स्कूल प्रांगण वारिस कालोनी मानगो मे प्रातः10 बजे से अपरहण 2 बजे तक निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिस मे समाज के अभावग्रस्त व जरूरतमंद लोगों की आंखों की जांच की जाएगी और मोतियाबिंद पाए जाने पर उनकी आंखों का निशुल्क आपरेशन पूर्णिमा नेत्रालय तमोलिया मे कराया जाएगा। उपरोक्त जानकारी ट्रस्ट के ट्रस्टी द्वारा दी गई है।

## शॉट सर्किट से घर में लगी आग

खबर मन्त्र संवाददाता

**पाकुड़।** महेशपुर थाना क्षेत्र के पोखरिया के हरिजन टोला में घर में आग लगने से हजारों का समान जलकर राख हो गया।

जानकारी के अनुसार पोखरिया ग्राम निवासी रामवतार रविदास के घर में अचानक शॉर्ट सर्किट से घर में अचानक धुआं उठने लगा। देखते देखते आग की लपट ने घर में रखे सभी सामान जलकर राख हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण आनन फानन में काफी मशक्कत के बाद आग बुझाये। मौके पर बीजीआर कोल कम्पनी की टैंकर मौके पर मौजूद थे ,जिसमे ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। घटना में घर में रखे अनाज, घरेलू सामान, कपड़े सहित कई सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि मौके पर पहुंचे और जांच की। सीओ रितेश जसवाल ने पीड़ित परिवार को मदद देने का आश्वासन दिया है।

## विकास एवं प्रतिभा को ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए खेल बेहतर विकल्प : जकाउल्लाह



पुरस्कृत करते अथिति।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रजरप्पा।** रजरप्पा स्थित डीएवी मैदान में गुरुवार को दो दिवसीय मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन किया गया। इस दौरान फाइनल भुचुंगडीह बनाम सेवई उत्तरी के बीच मैच खेला गया। जिसमें सेवई उत्तरी ट्राई ब्रेकर में 3-0 से विजय रही. फाइनल मैच के विजेता और उपविजेता को मुख्य अथिति बीस सूत्री अध्यक्ष जकाउल्लाह विशिष्ट अथिति मायल मुखिया फिरोज अंसारी, भुचुगंडीह मुखिया सुनीता देवी, कांग्रेस नेता राजेंद्र नाथ चौधरी, बीस सूत्री सदस्य उत्तम पटवा द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया। फाइनल मैच का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से परिचय प्राप्त किया. मुख्य अथिति ने कहा कि राज्य सरकार खेल के विकास एवं खेल प्रतिभाओं को ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए यह एक अच्छा प्रयास है. इस तरह के आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेल के लिए प्रेरित करना है. कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवा को प्रोसाहित करने के लिए ऐसे खेल का आयोजन अति आवश्यक है। विशिष्ट अथिति ने कहा कि सरकार की तरफ से युवाओं को खेल के साथ जोड़ने की अच्छी पहल है।

इस तरह का आयोजन ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में छिपी प्रतिभा को एक मंच प्रदान करता है। इससे पूर्व अतिथियों के यहां पहुंचने पर उनका स्वागत बुके देकर किया गया। निर्णायक की भूमिका में रेफरी सुरेश कुमार दास, बालकिसुन महतो, ओम नायक चंद्रमोहन मांझी ने निभाया। आयोजन को सफल बनाने में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रविंद्र कुमार महतो सहित विपिन चौधरी, इम्तियाज अंसारी, मो. आसिफ सहित कई लोग मौजूद थे।

# खो- खो प्रतियोगिता के लिए पलामू बालक-बालिका टीम रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला खो- खो एसोसिएशन के तत्वाधान में दिनांक 23 नवंबर 2022 को जीएलए कॉलेज के मैदान में जिला स्तरीय जूनियर खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता के बाद बेस्ट परफॉर्मेंस देने वाले खिलाड़ियों स्पेशल एक सप्ताह का कैंप ट्रेनिग चलाया गया। कैंप में बेस्ट परफॉर्मेंस करने वाले खिलाड़ियों को रेशमा पांडे के नेतृत्व में चयन समिति ने पलामू जिला जूनियर बालक, बालिका खो- खो टीम का गठन किया।

सभी चयनित खिलाडी 7 दिसंबर को जम्मू तवी एक्सप्रेस से ईस्ट सिंहभूम, चक्रधरपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खो-खो के संरक्षक समाजसेवी महेंद्र कुशवाहा,पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन सह- पलामू जिला खो खो एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी, ने कोच- रेशमा पांडे, और बसंत उरांव, मैनेजर- विनीता कुमारी के नेतृत्व में रवाना किया।

**राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 9 से 11 दिसंबर 2022 तक आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सूची**

**खिलाड़ियों की सूची : जूनियर बालिका :** गिरवर प्लस टू उच्च विद्यालय से अक्सा नाग, अर्चना कुमारी, नेहा कुमारी बीसी सी मिशन गर्ल्स हाई स्कूल, साधना कुमारी, लक्ष्मी कुमारी,सुमन खलखो , प्रकृति तिर्की, आंचल कुमारी, वीपीएम ज्ञान निकेतन स्कूल बैरिया से अपर्णा कुमारी रॉयल स्पोर्ट्स एकैडमी से तनु कुमारी विमेंस कॉलेज से काजल कुमारी जीजीपीएस स्कूल जमुना से माही कुमारी।

**जूनियर बालक :** जीजीपीएस स्कूल जमुने से रमन सिंह, आशुतोष कुमार ठाकुर, करण सिंह, रोहित उरांव , विकास कुमार, पवन उरांव, अनुज कुमार, ब्राह्मण प्लस टू उच्च विद्यालय से किशोर कुमार, आकाश कुमार, रामजीत कुमार, अमरजीत कुमार *वीपीएम ज्ञान निकेतन से **आशुतोष कुमार :** राज्य प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों को पलामू जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, पलामू जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष किशोर कुमार पांडे , वूशु संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र प्रसाद शूटिंग संघ के अध्यक्ष सचिव अमरेंद्र पाठक सचिव अशोक कुमार सिंह जीजीपीएस स्कूल के शारीरिक शिक्षक सह पलामू जिला योगा एसोसिएशन के सचिव अनिल कुमार पांडे शारीरिक शिक्षक प्रदीप मेहता , द्वारका प्रसाद , पलामू जिला साइकिलिंग संघ के सचिव सिद्धार्थ कुमार, इत्यादि ने खिलाड़ियों को शुभकामना व्यक्त किया। पलामू जिला खो-खो संघ के अध्यक्ष अजातशत्रु प्रसाद सिन्हा ने घोषणा किया की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सफलता पाने के बाद सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

स्पीड न्यूज

## सब्जी मंडी से लोग परेशान



भवनाथपुर। भवनाथपुर-श्री बंशीधर नगर मुख्यपथ पर सब्जी मंडी लग रहा है। प्रखंड के टेन प्लस टू उच्च विद्यालय के समीप लगने वाले सब्जी मंडी से प्रखंड वासी परेशान है। यह सब्जी मंडी निर्धारित स्थान पर न लगाकर सड़क किनारे लगा लेते हैं। इससे सड़क सिकुड़ कर संकरी रह जाती है। यहां से निकलने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी डीएवी विद्यालय एवं शिशु सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय की बसे जाम में फंस जाती है। पैदल चल कर विद्यालय जाने वाले छात्र-छात्राओं भी परेशान हो जाते हैं। इस समस्या को देखते हुए कई बार प्रशासन ने पुराने सब्जी मंडी में लगाए जाने के लिए आदेश दिया था। इसके बाद भी उनके आदेशों का किसी भी सब्जी बेचने वालो ने पालन नहीं किया और अपनी मनमर्जी से सड़क किनारे सब्जी बजार लगा रहे है। सब्जी मंडी से हो रहे परेशानी को देखते हुए प्रशासन ने पुरानी सब्जी मंडी में सब्जी मंडी शिफ्ट कराने के आदेश दिया था। लेकिन जगह चयनित होने के बावजूद मंडी में सब्जी की दुकानें नहीं लगाते हुए सब्जी दुकानदार मुख्य सड़क पर अपनी दुकानें लगा रहे हैं। इससे सड़कों पर सुबह से लेकर शाम तक जाम की स्थिति बनी रहती है।

## जोहार यात्रा में उमड़ा जनसैलाब



गढ़वा। गोविंद उवि के मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की खतियानी जोहार यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ी। जिले के विभिन्न गावों से काफी संख्या में लोग शामिल हुए। सुबह से ही शहर में कार्यक्रम में शामिल होने वालों की भीड़ उमड़ रही थी। पूरे शहर में जाम की स्थिति बनी हुई थी। जगह-जगह पर बैरेकेडिंग लगा हुआ था। शहर में सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेष पर रोक थी। कार्यक्रम में भी काफी संख्या में लोग शामिल हुए। भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस को काफी मषक्कत करनी पड़ी।

## भवनाथपुर में ठंड से लोग परेशान



भवनाथपुर। प्रखण्ड क्षेत्र में विगत एक सप्ताह से से ठंड बढ गया है। सुबह व शाम में लोगों को ठंड ज्यादा सता रहा है। इसके बावजूद अभी तक चैक-चैराहों में एवं सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था नहीं कराई गइ है। इसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। खासकर गरीब, असहाय, ऑटो चालक व ठेला चलाने वाले लोगों को ज्यादा परेशानी झेलनी पड रहीं है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि लोग बस के इंतजार में ठंड से ठिठुर रहे हैं। ज्यादा ठंड महसूस होंने की स्थति में लोग कुट, कागज, कुड़ा-कचरा आदि जलाकर किसी प्रकार शरीर को गर्म कर रहे है। इसके बावजूद प्रशासन के द्वारा विभिन्न चैक-चैराहों पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। दुकानदार जितेंद्र रावत, गया चंद्रवंशी, उमेश साव, रमेश गुप्ता, बुचून मेहता, शिव चंद्रवंशी, शंभू यादव, बिहारी सिंह, जितेंद्र कुमार, प्रदीप साह ने कहा कि पूर्व के अधिकारियों के द्वारा ठंठ के बढ़ते ही अलाव का व्यवस्था कर दिया जाता था। लेकिन इस बार प्रशासन के उदासीन रवाईया के कारण लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## 39 मरीजों की दी गयी दवा

मझिआंव। बरडीहा में करोड़ों की लागत से सरकारी अस्पताल भवन बनने के वर्षो बाद चालू होने के दूसरे दिन गुरुवार 39 लोगों को सर्दी, बुखार से ग्रसित मरीज को इलाज किया गया। इस संबंध में एमपीडब्ल्यू दिलीप कुमार गुप्ता ने बताया कि गढ़वा उपायुक्त रमेश घोलप एवं सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार सिंह के निर्देशानुसार सरकारी अस्पताल को खोला गया है। आज दूसरे दिन सर्दी और बुखार से ग्रसित 39 मरीज को दवा देते हुए सही समय पर दावा का सेवन करने के लिए जानकारी दिया गया। उन्होंने कहा कि सुबह 10 बजे से लेकर चार बजे तक अस्पताल खुला रहेगा। राजद प्रखंड अध्यक्ष नवल किशोर यादव ने बताया कि बरडीहा सरकारी अस्पताल नहीं रहने के कारण प्रखंड वासियों को इलाज करवाने के लिए बरडीहा से 15 किलोमीटर दूर मझिआंव जाना पड़ता था। जिससे काफी परेशानी हो रही थी। अस्पताल चालू होने से प्रखंड वासियों को खुशी देखी जा रही है। मौके पर एएनएम देवंती देवी, गार्ड अवधेश यादव आदि उपस्थित थे।

## सीएम का महिलाओं ने किया स्वागत



गढ़वा। खतियान जोहार यात्रा का शुभारंभ करने गढ़वा पहुंचे सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का यहां भव्य स्वागत किया गया। हेलीपैट पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। रंका मोड़ से कार्यक्रम स्थल तक हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। साथ ही हेलीपैड से रंका मोड़ एवं कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने तक कई जगहों पर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। दानरो नदी पुल पर जिले के खिलाड़ियों ने उन्हें सम्मानित किया। जबकि नहर चौक पर भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। जगह- जगह तोरण द्वार बनाए गए थे। कार्यक्रम मंच पर कार्यकताओं ने बड़ा माला पहना कर मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया। साथ ही मां गढ़देवी में तस्वीर भेंट की गई। जगह-जगह लगे तोरण द्वार लगाये गये थे। मुख्य मुख्यमंत्री के गढ़वा गमन पर जिला एवं पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा की चाक-चौबंद प्रबंध की थी।

**दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गढ़वा आगमण पर हेलीपैड पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। यहां पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मंत्री मिथलेश ठाकुर, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केशरी, आयुक्त जटा शंकर चैधरी, डीआईजी राजकुमार लकड़ा, उपायुक्त रमेश घोलप, पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा सहित अन्य पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकताओं ने स्वागत किया। जिला प्रशासन की ओर से मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

### जोहार आशीर्वाद योजना के प्रथम चरण में गढ़वा पहुंचे मुख्यमंत्री

# केंद्र की गलत नीतियों से महंगाई बेलगाम : हेमंत

- झारखंड लूटने वालों के हाथ में 20 वर्षों तक रही सत्ताः ठाकुर
- तीन वर्षों में हेमंत ने विकास का रिकार्ड बनाया : सत्यानंद भोक्ता

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** झामुमो महागठबंधन का खतियानी जोहार यात्रा का गढ़वा में शानदार आगाज हुआ। जिला मुख्यालय स्थित गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित खतियानी जोहार यात्रा का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दीप प्रज्जवलित कर एवं उपस्थित जनसमूह का खतियानी जोहार कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री एवं सभी मंत्रियों का अभिनंदन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नीलांबर-पीतांबर टाउन हॉल परिसर में नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा स्थापना के लिए भूमि पूजन किया। यहां नीलांबर-पीतांबर की आदमकद प्रतिमा लगाई जाएगी। कार्यक्रम में पहुंचने से पूर्व मुख्यमंत्री ने रंका मोड़ स्थित इंदिरा गांधी पार्क घंटाघर परिसर में इंदिरा गांधी व सहिजना मोड़ पर बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। अक्षरा सिंह सहित कई प्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी प्रस्तुती दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य मांगने से नहीं मिला है और न ही प्रशासनिक दृष्टिकोण से अलग हुआ है। झारखंड आंदोलन की उपज है। अनगिनत वीर सपूतों ने इसके लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्य रहा कि 20 वर्षों तक सत्ता राज्य विरोधियों के हाथों में रही। परंतु अब जनता ने जनमानस की सरकार बनाया है। अब राज्य की स्थिति पूरी तरह बदल गई है। हम जो कहते हैं वो करते हैं। आज विपरित परिस्थितियों में भी हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। यह विकास कार्य विरोधियों को पच नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि जब गांव एवं किसान मजबूत होंगे तभी राज्य मजबूत होगा। पूर्व की सरकार में सिर्फ घोटाला ही घोटाला हुआ। लोगों ने राज्य एवं राज्य की जनता को लूटकर हाथी उड़ाने एवं बड़े व्यापारियों को सोने की थाली में खाना खिलाने का काम किया। हमारी सरकार हर वर्ग के चेहरे पर मुस्कान ला रही है। सरकारी कर्मचारी से लेकर आम जनता तक खुष है। उन्होंने कहा कि राज्य में प्राईवेट स्कूल से भी बेहतर सरकारी स्कूल होगा। पहले चरण में जिला स्तर पर सीबीएसई माध्यम की स्कूल खोली जाएगी। इसके बाद प्रखंड स्तर पर भी खोला जाएगा। जिसमें गरीबों के बच्चे मुफ्त में षिक्षा प्राप्त करेंगे। देष में सिर्फ अमीरों को लोन मिलता है गरीबों को नहीं। परंतु झारखंड में गरीबों को रोजगार करने के लिए, विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए सरकार लोन दे रही है। मुख्यमंत्री ने सरकार की ओर से चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी विस्तारपूर्वक दिया। उन्होंने कहा कि देष में महंगाई बेलगाम घोड़े की तरह आसमान छू रही है। विगत 20 वर्षों से बेइमानों ने आम जनता का हक एवं अधिकार लूट रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार को अस्थिर करने के लिए विपक्ष ईडी एवं सीबीआई का सहारा ले रही है। हेमंत सोरेन ने कहा कि उन्हें अखबारों में छपने का शौक नहीं है। जनता के दिलों में छपने का शौक है। मुख्यमंत्री ने शीघ्र ही काफी बेहतर तरीके से बंषीधर महोत्सव मनाने की भी घोषणा किया।

गढ़वा विधायक सह पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेष कुमार ठाकुर ने कहा कि जिस उद्देश्य से लड़कर झारखंड राज्य अलग लिया उसकी पूर्ति नहीं हो सकी। राज्य विरोधियों एवं झारखंड को लूटने वालों के हाथ में ही 20 वर्षों तक सत्ता रही। परंतु 2019 में राज्य की जनता ने झारखंडी जनमानस की सरकार को मौका दिया है तब से स्थिति बदल रही है। परिणाम सभी के सामने है। विषम परिस्थितियों में भी हर वर्ग का ख्याल रखते हुए बेहतर विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि एक अखबार के सर्वे के अनुसार ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुधारने में झारखंड की हेमंत सरकार नंबर वन पर है। साथ ही गढ़वा की विकास गाथा सबके सामने है। गढ़वा में राज्य का अनोखा पार्क बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क का निर्माण किया जा रहा है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जिन्हें राज्य व गढ़वा का विकास नहीं दिखाई पड़ रहा है वे लोग टिना का चश्मा लगाकर देखें। जनता का उत्साह आज राज्य सरकार के कार्यों को बताने के लिए काफी है।

श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि पूर्व सरकारों ने जो 20 वर्षों में नहीं किया वह हेमंत सरकार ने तीन वर्षों में कर दिखाया। गरीबों की यह सरकार गरीबों के घर तक जाकर उनका कार्य कर रही है। श्री भोक्ता ने कहा कि मंत्री मिथिलेश ठाकुर पलामू प्रमंडल के सम्राट हैं। कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि राज्य के किसानों को केंद्र से सहायता मिले बगैर सुखाड़ राहत की रात्रि अग्रिम दिया जा रहा है। 29 दिसंबर को मुख्यमंत्री अपने हाथों से लाखों किसानों के खाते में 3500 रुपए की अग्रिम राषि भेजेंगे। मौके पर कांग्रेस के प्रदेष कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने भी विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दूबे एवं विधायक प्रतिनिधि कंचन साहु ने किया। मौके पर मुख्य रूप से जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, जिप अध्यक्ष शांति देवी, नप अध्यक्ष पिंकी केशरी, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, अनिता दत्त, ताहिर अंसारी, आषुतोष पांडेय, नवीन तिवारी, रेखा चौबे, मदनी खान, परेष तिवारी, जितेंद्र सिन्हा, दिलीप गुप्ता, चंपा देवी, संतोष केशरी सहित काफी संख्या में महागठबंधन के नेता, कार्यकर्ता एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## डीसी ने कोर्ट में लंबित मामलों की समीक्षा की

**लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जवाबदेही तय हो : अबु इमरान**



**चतरा।** उच्च न्यायालय झारखंड में जिले के वादों को ससमय निबटारा के लिए उपायुक्त अबु इमरान ने विभिन्न विभागों के प्रधानों के साथ बैठक समाहरणालय के सभागार में की। विभागवार लंबित वादों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निदेश दिया कि वे इन मामलों का समाधान जल्द से जल्द करते हुए न्यायालय में काउंटर शपथपत्र दायर करें। साथ ही उन्होंने कहा कि लंबित मामलों से विभागीय छवि धूमिल होती है।उन्होंने साफ शब्दों में निदेश दिया कि एक सप्ताह के अंदर हर हाल में कंटेम्प्ट वादों का निबटारा हो। न्यायालय के लंबित मामलों छोड़ लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने गंभीर और जटिल मामलों को अविलंब उनके संज्ञान में देने की भी बात कही ताकि ससमय उसका हल निकाला जा सके। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, भू अर्जन पदाधिकारी गौरांग महतो, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया, सुधीर कुमार दास, सभी अंचल अधिकारी समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## मालगाड़ी के पहिए में लगी आग

कोडरमा। हावड़ा-नई दिल्ली मेल लाइन पर तेज गति से जा रही एक मालगाड़ी के पहिए में बीती रात अचानक आग लग गई। इसके बाद आनन-फानन में मालगाड़ी को कोडरमा स्टेशन पर रोका गया। बताते चलें कि कोडरमा स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 4 से गुजर रही एक मालगाड़ी के बीच के डिब्बे के पहिए में आग लगी थी, धीरे-धीरे आग बढ़ने लगी। इस घटना के कारण रात में राजधानी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों का परिचालन कुछ देर के लिए प्रभावित हुआ। बताया जा रहा है कि इस मालगाड़ी में इंगोट लोड था, जो कोडरमा स्टेशन के अप लाइन से गुजर रही थी। तभी वहां खड़े एक रेलकर्मी की नजर मालगाड़ी के पहिए से निकल रहे आग की लपटों पर पड़ी और आनन-फानन में कंट्रोल को सूचना देकर मालगाड़ी को कोडरमा स्टेशन पर ही रोका गया।

## डीटीओ ने बाराती बस को किया जब्त

**कोडरमा।** डीटीओ भगीरथ प्रसाद ने गुरुवार को बरातियों से भरे बस को जब्त किया। जानकारी के अनुसार बोकारो से बिहार बारात लेकर जा रही सवारी बस जीवन ज्योति जेएच09/2581 को डीटीओ ने सदर अस्पताल के समीप रोक कर बस के चालक से वाहन सम्बंधित कागजातों की मांग की, कागजात उपलब्ध नही होने के कारण बस को जप्त कर लिया गया, जबकि उस बस में महिला, पुरुष व बच्चे समेत करीब 70 बराती बैठे थे, बस के जप्त हो जाने से उनकी परेशानी बढ़ गयी। इस दौरान कई बराती बस छोड़ने का आग्रह करते दिखे, मगर बात नही बनी। कई बरातियों ने कहा कि उनकी कोई गलती नही है, बेवजह परेशानी बढ़ गयी है, ठंड के मौसम में बच्चे और महिलाएं परेशान होकर इधर उधर भटकते देखे गए।

## विज्ञान प्रदर्शनी का एसडीपीओ ने किया उद्घाटन



चतरा। शांति निकेतन मठ एंड मिशन स्कूल के प्रांगण में विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीपीओ अविनाश कुमार ने फीता काटकर किया। उन्होंने सभी बच्चों के द्वारा बनाय गए विज्ञान प्रदर्शनी को आकलन करते हुए सभी बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि मैं आपलोगों के बीच एक गांव के विद्यालय में पढ़कर आज इस मुकाम तक पहुंचा हूं आप तो बहुत खुशनसीब हैं कि आपके पेरेंट्स एक अच्छे स्कूल में दाखिला दिलाया है और आपके साथ अच्छे शिक्षक शिक्षिकाएं हैं। इनका लाभ उठाए और अपने लक्ष्य को हासिल कीजिए ।साथ ही विष्ट अतिथि के रूप में मोहम्मद जमालउदिन ,शुभ्रा इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर गोपाल सर,नमन बुधा के डायरेक्टर शचीन्द्र पासवान, समाज सेवी राकेश केशरी, विद्यालय के उप प्रधान अध्यापक सीमा रानी, सरस्वती मैडम, निधि मैडम, शगुफ़्ता मिस,नुसरत मिस, शिक्षक माणिक, मनीष, सूचित ,उमेश , बबलू , सुनील और शिक्षक शिव, इस प्रयोगात्मक में प्रथम पुरस्कार आरुषि ग्रुप, द्वितीय पुरस्कार श्रुति ग्रुप एवं तृतीय ग्रुप आकीब ग्रुप को मिला। अंत में प्रधानाअध्यापक आर्शीवचन से कार्यक्रम को समापन किया गया ।

## विधायक ने यक्ष्मा मरीजों को दिया पोषण आहार



**कोडरमा।** विधायक डॉ. नीरा यादव गुरुवार को सदर अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान यक्ष्मा मरीजों के बीच 6 माह का पोषण आहार का पैकेट वितरण किया। वहीं कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि यक्ष्मा मरीजों को बेहतर इलाज और जरूरी दवाइयों के साथ साथ पौष्टिक आहार की भी जरूरत होती है, ताकि वे काफी कम समय में यक्ष्मा से स्वस्थ हो सके। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रति मरीजों को 500 रुपये बतौर आहार राशि प्रदान की जाती है, परन्तु मरीज उस राशि को दूसरे किसी कार्य में खर्च कर देते हैं और वह पौष्टिक आहार नही ले पाते हैं, मरीजों की इस समस्या को देखते हुए देश के प्रधानमंत्री के द्वारा इस रोग के उन्मूलन के लिए मरीजों के इलाज का बीड़ा उठाया है, जिसके आलोक में जिले के यक्ष्मा मरीजों के इलाज व पौष्टिक आहार के लिए उनके द्वारा मरीजों को गोद लिया गया है। उन्होंने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ी सेवा है, इसमे सभी को आगे आने की जरूरत है। सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि जिले में टीबी उन्मूलन के लिए हर सम्भव कार्य किया जा रहा है, रोगियों के बेहतर इलाज से लेकर उनकी सतत निगरानी के लिए व्यवस्था किया गया है, जिससे मरीजों को काफी लाभ हो रहा है। वहीं जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. रमण कुमार ने कहा कि जिले में यक्ष्मा उन्मूलन के लिए विविध कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिससे सकारात्मक परिणाम भी आ रहा है, उन्होंने विधायक के पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि संभवतः वे पहले जनप्रतिनिधि है, जिन्होंने प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर आयोजित कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा के दौरान 20 सितंबर को यक्ष्मा मरीजों का गोद लिया है। मौके पर डॉ. शरद कुमार, भाजपा नेता रामचन्द्र सिंह, शिवेंद्र नारायण सिन्हा, अनूप जोशी, संजीव कुमार यादव, नरेंद्र पाल, दिनेश सिंह, शिवलाल सिंह व अन्य मौजूद थे।

एक नजर में

## फाइलेरिया को लेकर टास्क फोर्स की बैठक



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 2022 के अंतर्गत द्वितीय जिला स्तरीय टास्क फोर्स कि बैठक की गई। बैठक में स्टेट से आये नोडल कीट विज्ञानवेत्ता डा0 संज्ञा सिंह के द्वारा जिले में चल रहे फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम कि उपलब्धि के बारें में बताया गया कि चतरा जिला के चार प्रखण्ड मुख्यतः हंटरगंज, चतरा, इटखोरी एवं टण्डवा का 01.12.2022 से 15.12.2022 तक चलने वाले कार्यक्रम के विरूद्ध 07.12.2022 तक 50 प्रतिशत लक्ष्य कि प्राप्ति की गई है। जिसे लेकर उपायुक्त श्री अबु इमरान द्वारा निदेश दिया गया कि दवा प्रशासकों को फाइलेरिया से संबंधित दवा सामने ही खिलाना है। अगर कोई दवा प्रशासक बाटते हुए पकड़ा गया तो उपसर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही उन्होने सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि फाईलेरिया उन्मुलन कार्यक्रम का अपने अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर मॉनिटरिंग करेंगे। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, जिला भू अर्जन पदाधिकारी गौरांग महतो, सिविल सर्जन डा0 श्याम नंदन सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद चतरा अभय कुमार झा, सभी अंचल अधिकारी, राज्य स्तर से जिले के नोडल कीट विज्ञानवेत्ता डा0 संज्ञा सिंह, जिला भी0बी0डी0 सलाहकार अभिमन्यु कुमार, जिला समन्वयक केयर इंडिया आबिद सरदार समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## अनाज घोटाला के खिलाफ होगा प्रदर्शन

**सिमरिया।** प्रखंड में हुए अनाज घोटाले पर भारी आक्रोश है और लोग सड़क पर उतरने के लिए तैयार हैं। प्रखंड प्रमुख रोहन साव ने उपायुक्त को आवेदन दिया है और जिले के समस्त प्रखंड के प्रमुखों के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। घोटाले को लेकर एटक नेता विनोद बिहारी पासवान ने अमरन अनशन करने की घोषणा की है। आजसू नेता सह व्यवसायिक संघ के प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार चंद्रा ने 10 दिसंबर को सिमरिया बंद रखने का ऐलान किया है। इनके अलावा मुखिया संघ ने भी अनाज घोटाले पर आक्रोश पूर्ण प्रतिक्रिया दी है। संघ के प्रखंड अध्यक्ष विनोद महतो ने सभी पंचायत के मुखिया के साथ सड़क पर उतर कर आंदोलन करने की सूचना दी है। इधर मानवाधिकार संगठन ने भी अनाज घोटाले की निंदा की है। संगठन की जिला अध्यक्ष ललिता देवी ने धरना प्रदर्शन और आमरण अनशन में समर्थन देने कि घोषणा की है। सभी आंदोलनकारी नेताओं का कहना है कि सुखाड़ की परिस्थिति में भी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में भारी घोटाला हुआ है। जो गंभीर मामला है। लगातार आंदोलन के चेतावनी के बावजूद प्रशासन की ओर से दोषियों पर कार्रवाई करने की कोई पहल नहीं हुई है। ऐसे में जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठन एक साथ सड़क पर उतरेंगे और जबरदस्त विरोध प्रदर्शन करेंगे। गौरतलब है कि डीलरों ने अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर नवंबर माह का प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का राशन गबन कर लिया है। जिसके विरोध में जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठन मामले की निष्पक्ष जांच कराने, आपूर्ति पदाधिकारी को पद मुक्त करने और दोषियों के विरुद्ध साइबर क्राइम के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की मांग कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न



**चतरा।** मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूनामेंट का फाइनल मुकाबला गुरुवार को कान्हाचट्टी फुटबॉल स्टेडियम में कोल्हैया व बैंगोकला के बीच खेला गया। जिसमें दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।इस मुकाबले में बैंगोकला की टीम 3-0 से कोल्हैया टीम को हराकर जीत हासिल की। इसके पूर्व खेल का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला परिषद् उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी (बिरजू तिवारी) ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया जबकि खेल खेल के समापन के पश्चात दोनों टीमों को पुरस्कृत किया गया।इस दौरान मुख्य अतिथि श्री तिवारी ने कहा कि कहा कि खेल हमारे सर्वांगीण विकास के लिए अतिआवश्यक है।साथ ही ग्रामीण प्रतिभाओं को उभारने के लिए राज्य सरकार द्वारा यह अच्छा कदम है। अब इसमें विजय टीम जिलास्तर पर खेलेगी। इसमें प्रखण्ड के सभी 10 पंचायत की टीमों ने भाग लिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो, समाजसेवी अमित सहाय, उपप्रमुख सुमन सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि प्रदीप पासवान, प्रमोद सिंह, दिलिप सिंह, मुखिया प्रतिनिधि ललित भूईया, शिक्षक कृष्ण पासवान,शिक्षक प्रकाश राम,शिक्षक संदीप सिंह समेत सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## 20 सूत्री की बैठक में कई मामलों पर हुई चर्चा



**टंडवा(चतरा)।** गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय सभागार में 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की समीक्षा बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव एवं संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी रंथु महतो ने किया। बैठक में सभी विभागों की समीक्षा किया गया। जिसमें क्षेत्र की विकास धरातल स्तर पर सुदृढ़ करने एवं स्थापित कंपनियों में 75% स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ा जाने पर विशेष बल दिया गया। उपस्थित प्रतिनिधियों ने अंचलाधिकारी से लंबित ऑनलाइन, म्यूटेशन, शुद्धीकरण एवं प्रमाण पत्रों का शीघ्र निष्पादन एवं गाडीलौंग पंचायत भवन के पास विवादित भूमि का निष्पादन का निदेश एवं बढ़ती ठंड को देखते हुए जगह जगह पर अलाव की व्यवस्था किया जाए, ताकि ठंड से राहत मिल सके। जबकि एनटीपीसी से सरकारी संस्थानों व स्वास्थ्य उप केंद्रों में पेयजल आपूर्ति की सुदृढ़ व्यवस्था व अन्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने की निदेश। डीलर द्वारा कम अनाज वितरण का शिकायत पर संबंधित डीलर पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश। इस प्रकार से कुल 16 बिंदुओं पर विशेष विचार विमर्श कर धरातल पर उतारने की चर्चा की गई। बैठक में सीसीएल के आम्रपाली एवं मगध क्षेत्र से कोई पदाधिकारी का नहीं आना घोर निंदनीय की बात कही गई। बैठक में एनटीपीसी के पदाधिकारीगण, टंडवा थाना प्रशासन, विधायक प्रतिनिधि शशि चौरसिया 20 सूत्री उपाध्यक्ष नीरज तिवारी मिस्त्रौल पंचायत मुखिया सुबेश राम समेत दर्जनों जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## फर्जी पारा शिक्षकों से मांगा गया स्पष्टीकरण

**कोडरमा।** राज्य परियोजना परिषद की ओर से पारा शिक्षकों के प्रमाण पत्रों की कराई जा रही जांच के दौरान कुल आठ पारा शिक्षकों के प्रमाण पत्र को लेकर विभाग स्तर से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। इसके बाद इनके बर्खास्तगी के अलावा कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जिन पारा शिक्षकों से स्पष्टीकरण की मांग की गई है, उसमें चंदवारा प्रखंड के तीन मरकच्चो के चार व जयनगर के एक शिक्षक शामिल हैं। वहीं अब तक दो पारा शिक्षक अपना त्यागपत्र दे चुके हैं, दोनों शिक्षक कोडरमा प्रखंड के हैं। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले के कुल 1674 पारा शिक्षकों के प्रमाण पत्रों का सत्यापन कराया जा रहा है। जिसमें अब तक 939 शिक्षकों के सभी प्रमाण पत्रों की जांच पूरी की जा चुकी है। जिसमें अब तक आठ शिक्षकों के प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए हैं। वहीं 939 शिक्षकों के सभी प्रमाण पत्रों की जांच में 880 प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक हैं, जबकि 59 मध्य विद्यालय के शिक्षक हैं। अभी भी 708 विद्यालय के प्रमाण पत्रों की जांच की जानी है।

स्पीड न्यूज

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य ने किया रक्तदान



रक्तदान करते उत्तम कुमार।

**लातेहार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य उत्तम कुमार ने 25 किलोमीटर की दूरी तय कर ब्लड बैंक लातेहार में रक्त की कमी से जूझ रहे फुलमतिया देवी के लिए रक्तदान किया। फुलमतिया पिछले 3 दिनों से रक्त के अभाव में जिंदगी और मौत से जूझ रही थी इसकी जानकारी मिलते ही वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन लातेहार के सचिव ने एसोसिएशन के जिला सह संयोजक कुमार नवनीत से संपर्क किया। तत्काल मनिका से उत्तम कुमार को ब्लड बैंक भेजा गया एवं उनके द्वारा एबी पॉजिटिव रक्तदान किया गया। मरीज के परिजनों ने उत्तम के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया है।

## वार्ड सदस्य विमला देवी ने किया कंबल का वितरण

**चंदवा।** लगातार बढ़ रही कनकनी और पड़ रहे कड़ाके की ठंड के बीच असहाय गरीब व जरूरतमंदों के ठंड में पूर्ण आना पड़े इस उद्देश्य से चंदवा प्रखंड के चेटर पंचायत अंतर्गत वार्ड सदस्य विमला देवी ने वार्ड अंतर्गत आने वाले सुकल कट्टा टोला में दर्जन से अधिक असहाय लोगो के बीच कंबल का वितरण किया। इन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा गरीबों को ठंड से राहत दिलाने को लेकर हर संभव प्रयास किया जा रहा है, ऐसे में सभी का दायित्व बनता है कि यथासंभव हम सभी गरीब की मदद करें ताकि किसी गरीब को ठंड में परेशानी ना हो। मौके पर कई ग्रामीण व पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

## चंपा घाटी सड़क दुर्घटना में बाल बाल बचे चालक और उप चालक

**महुआडांड।** प्रखंड अंतर्गत चंपा घाटी में दिन बुधवार की रात्रि के 11 बजे सड़क दुर्घटना हो गई। ट्रक ड्राइवर ने बताया कि हम लोग चावल लेकर बिहार से रायपुर जा रहे थे। इसी बीच रास्ते भटक जाने कारण रात को चंपा घाटी रोड पर आ गए। जिसे अचानक सड़क पर मोड आ जाने सड़क दुर्घटना हो गई। सुचना मिलते ही महुआडांड़ पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। घायल चालक मारुति सातवा और उप चालक इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

## जिला उपायुक्त भोर सिंह यादव से अलाव व्यवस्था कराने की मांग

**बेतला।** इन दिनों शीतलहर और ठंड का प्रकोप दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है, एवं शाम होते ही लोगों की घर में दुबकना पड़ रहा है, प्रत्येक वर्ष ठंड के मौसम में चौक चौराहे पर अलाव की व्यवस्था की जाती थी लेकिन इस वर्ष ठंड बढ़ने के बावजूद भी अब तक अलाव की व्यवस्था नहीं होने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है, यदि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बेतला नेशनल पार्क, केचकी रेलवे स्टेशन, कुटमु चौक पर अलाव की व्यवस्था हो जाती तो राहगीर एवं दुकानदारों को काफी सहूलियत होती, दुकानदार आशीष प्रसाद, मनोज ठाकुर, सुधीर कुमार, शत्रुघ्न प्रसाद, उमेश गोस्वामी समेत दर्जनों लोगों ने लातेहार जिला उपायुक्त भोर सिंह यादव से शीघ्र ही आलाव व्यवस्था कराने की मांग की है।

## स्कूल जा रही बच्ची को बचाने में बाईक से गिरकर तीन घायल

**बालूमाथ।** बारियातु प्रखंड क्षेत्र के सिबला पंचायत अंतर्गत जिराहारा ग्राम में सड़क दुर्घटना तीन लोग घायल हो गए। घायलों में धर्मदेव उरांव 20वर्ष पिता पारसनाथ उरांव, फूलदेव उरांव 40 वर्ष पिता रामदेव उरांव, शनि उरांव 60 वर्ष पिता स्व बंधु उराँव सभी ग्राम पैसरा बारियातु निवासी शामिल है। घटना के बारे में जानकारी देते हुए घायल फूलदेव उराँव ने बताया वे लोग तीनो अपने घर से श्राद्ध कर्म में हिस्सा लेने बाइक से डुमरा बारियातु जा रहे थे। इसी दौरान जीराहरा ग्राम के पास स्कूल जा रही बच्ची को बचाने के क्रम में बाइक से अनियंत्रित होकर गिर पड़े और घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगो के सहयोग से सभी घायलों बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ. पुरषोतम कुमार की देखरेख में सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। घटना गुरुवार सुबह लगभग 10 बजे की है।

## बिजली तार बदलने की मांग


जर्जर बिजली का तार

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित चांदनी मोहल्ला में बिजली का जर्जर तार बड़ी घटना को आमंत्रण दे रहा है। चांदनी मोहल्ला निवासी मो.सलाउद्दीन, शहजाद कुरेशी ने बताया की बिजली का तार काफी जर्जर हो गया है। जो आए दिन बिजली का तार टूट कर गिर जाता है। जिसे बिजली मिस्त्री द्वारा पुन: जोड़ दिया जाता है। लेकिन यह किसी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है। कई बार स्कूली बच्चे भी इसकी चपेट में आने से बचे हैं। इसको लेकर कई बार बिजली मिस्त्री से शिकायत की गई है लेकिन जर्जर तार को बदला नहीं जा रहा है। अगर किसी दिन बड़ी दुर्घटना घटती है तो इसकी सारी जवाबदेही बिजली कर्मियों पर होगी। ग्रामीणों मामले पर लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव से पहल कर तार बदलवाने की मांग की है।

### टोरी आरओबी निर्माण को लेकर एनएचएआई की टीम पहुंची चंदवा, लिया जायजा

# कभी भी शुरू हो सकता है आरओबी का निर्माण कार्य

→ चतरा संसदीय क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं में से एक है टोरी आरओबी का निर्माण

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चतरा संसदीय क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित समस्याओं में से चंदवा में टोरी आरओबी निर्माण को लेकर प्रक्रिया अब अंतिम चरण में जा पहुंची है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो वर्ष 2023 के पहले तिमाही में निर्माण कार्य शुरू हो जाये ऐसे उम्मीद भी दिखने लगी है। टोरी आरओबी को लेकर गुरुवार को एनएचएआई की टीम ने आरओबी का डिजाइन तैयार करने वाली कंपनी डिजाइन लाइफ कंसलटेंसी सर्विस व ओवर ब्रिज की निविदा लेने वाली कंपनी मल्होत्रा कंट्रक्शन के इंजीनियरों की टीम के साथ टोरी आरओबी निर्माण से प्रभावित होने वाले क्षेत्र का जायजा लिया। ब्रिज निर्माण को लेकर तैयार ब्लूप्रिंट के साथ पहुंचे एनएचएआई के चीफ इंजीनियर वाहिद कमर फरीदी, एसी सुशील कुमार सिंह, इस्क्यूटिव इंजीनियर जयकांत राम ने बनने वाली ब्रिज के लिए वॉल व पिलर निर्माण को लेकर किए गए मार्किंग का जायजा भी लिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने ब्रिज निर्माण शुरू होने से पूर्व दोनों छोर से वाहनों का परिचालन प्रभावित ना हो इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही।


आरओबी को लेकर जायजा लेते एनएचएआई के अधिकारी।


ब्रिज को लेकर टीम के अधिकारियों को निर्देश देते चीफ इंजीनियर।

### भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी होगी तो नव वर्ष में कभी भी हो सकता है ब्रिज निर्माण का काम शुरू

पत्रकारों के द्वारा सवाल पूछे जाने पर चीफ इंजीनियर वाहिद कमर फरीदी ने कहा कि टोरी आरओबी को लेकर जिला प्रशासन काफी गंभीर है। रेलवे में आने वाले भूमि पर कोई समस्या नही है। ब्रिज निर्माण को लेकर स्थानीय रैयतों के भूमि अधिग्रहण की प्रकिया को लगभग 90 प्रतिशत जैसे ही पूर्ण कर लिया जाएगा निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। निर्माण कार्य कब शुरू होगी यह प्रभावित होने वाले क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पर निर्भर करेगा। उन्होंने बताया कि बीते दिनों जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव के द्वारा आरओबी की समस्या को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक किया गया था। आरओबी निर्माण को लेकर डीसी भोर सिंह यादव काफी गंभीर भी हैं।

### दुर्घटना रहित ब्रिज निर्माण का रखा जाये ख्याल

टीम ने आस्वस्थ कराते हुए कहा कि ब्रिज निर्माण में जनहित का पूरा ख्याल रखा जाएगा। ब्रिज को कैसे दुर्घटना रहित बनाया जाए इसको लेकर रोड मैप तैयार करने की बात इंजीनियरों को कही गई है। साथ ही ब्रिज के नीचे गुजरने वाले पब्लिक पथ को ब्रिज से कैसे कनेक्ट किया जाए और इसकी चौड़ाई वाहनो के आवगमन योग्य हो इस पर जोर दिया जाएगा। इन्होने बताया कि ब्रिज सिंगल पियर पर आधारित होगा व लोग कम प्रभावित होंगे। मौके पर एनएच के एसडीओ दीपक भगत, जेई शेखर सुमन समेत कई लोग मौजूद थे।

## किसानों को नहीं मिल पा रहा लाभ

**महुआडांड़।** प्रखंड में जे आर एफ आर वाई झारखंड राज्य फसल राहत योजना के तहत 6616 किसानों का निबंधन कराया गया था। जिसका केवाईसी किसानों को फिर से करवाना था। केवाईसी होने के बाद ही किसानों को मुख्यमंत्री राहत सुखार योजना में लाभ मिल पाएगा। लेकिन मोहम्मडन में सिस्टम फेल सर्वर डाउन रहने के कारण किसानों का निबंधन एवं केवाईसी नहीं हो पा रहा है। इससे पूर्व निबंधन कार्य के लिए समय दिया गया था उसके अनुरूप किसानों का निबंधन एवं केवाईसी नहीं हो पाई थी जिसे देखते हुए झारखंड सरकार के द्वारा इसका समय 15 दिसंबर तक बढ़ाया गया ताकि छूटे हुए लाभुक तथा अन्य किसान जिनका निबंधन हो चुका हो उन किसानों को इसका लाभ मिल सके। लेकिन सर्वर डाउन लिंक फिल्म रहने के कारण किसानों का निबंधन एवं ईकेवाईसी का कार्य नहीं हो पा रहा है सभी प्रज्ञा केंद्रों में निबंधन कराने को लेकर भीड़ लगी रहती है लेकिन कार्य नहीं होने के कारण किसानों को मायूस होकर बैरन वापस लौटना पड़ रहा है। अगर इसी तरह चलता रहा तो किसानों का इसका लाभ नहीं मिल पाएगा और सरकार द्वारा चलाई जा रही है योजना विफल हो जाएगी। इस संबंध में प्रखंड के प्रज्ञा केंद्र संचालकों का कहना है कि बहुत ही मुश्किल से दिन भर में 5 से 7 लोगों का ही केवाईसी रजिस्ट्रेशन हो पा रहा है। कभी सर्वर डाउन तो कभी सिस्टम स्लो रहने के कारण ऐसा हो रहा है।

## लातेहार पुलिस ने टीएसपीसी संगठन के एरिया कमांडर राजू को पकड़ा

➲ एक 303 रायफल, 82 जिंदा कारतूस बरामद, किसी घटना को अंजाम देने पहुंचा था निंदिर का पतराटोली जंगल

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन के कार्यकुशलता से लातेहार पुलिस ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जहां लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सुचना पर लातेहार थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी की अगुवाई गठित टीम ने टीएसपीसी संगठन के एरिया कमांडर राजू यादव उर्फ राजू पिता स्व. शंकर यादव (चेटर चंदवा) को पकड़ने में सफल रही। गुरूवार को लातेहार एसपी कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुये एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि गुप्त सुचना मिली थी कि लातेहार के निंदिर पतराटोली जंगल में लेवी वसुलने व किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में उग्रवादी जमे हुये है। सुचना के आलोक में टीम गठित कर पुलिस की जैसी उक्त जंगल पहुंची कंबल ओढ़े बैठा संदिग्ध व्यक्ति भागने लगा जिसे पुलिस के द्वारा पकड़ लिया गया। उसके पास से एक 303 रायफल, 82 जिंदा कारतूस, दो माबाईल, 3 सीम कार्ड बरामद किया गया। एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी पीएसपीसी संगठन का एरिया कमांडर है, लातेहार, चंदवा व जोबांग 9 अपराधिक मामले दर्ज हैं। अभियान में पुअनि गौरव सिंह, रोहित कुमार महतो, दिवाकर धोबी, धर्मेन्द्र कुमार महतो समेत लातेहार थाना रिर्जव गार्ड के जवान शामिल थे।


प्रेस वार्ता में जानकारी देते एसपी व गिरफ्तार उग्रवादी।

## हाथियों ने धान, मटर व टमाटर की खेती नष्ट की

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के जंगलों से सटे ग्रामीण इलाकों में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। माल्हन पंचायत के केकराही व चकला पंचायत के पड़वा हरैया में उत्पात मचाने के बाद जंगली हाथियों का झुंड बीती रात माल्हन पंचायत के मरमर गांव आ धमका। इस दौरान जंगली हाथियों के झुंड ने किसान विजय लोहरा के खलियान में रखा लगभग 15 बोझा धान की तैयार फसल को नष्ट कर दिया व चट गए साथ ही उसके खेत में लगे मटर व टमाटर की खेती को भी रौंद दिया, जिससे किसान को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। इधर घटना की सूचना के बाद गुरुवार को पंचायत समिति सदस्य लाछो देवी घटनास्थल पहुंचे व भुक्तभोगी से मुलाकात कर हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस दौरान उन्होंने विभाग के लोगो को किसानों व ग्रामीणों को हो रही परेशानी व समस्या को रखा व हाथियों के झुंड को गांव से दूर भगाने को लेकर ग्रमीणों को तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था मुहैया कराने व हाथियों के झुंड को क्षेत्र से दूर भगाने को लेकर समुचित प्रबंध करने की मांग भी विभाग से की।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को लेकर बैठक आयोजित



➲ लाभुकों को योजनाओं का सही से लाभ मिले इसके लिए सदस्यों का किया गया चयन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड कार्यालय में दिन गुरुवार को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार के द्वारा, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य योजना अंतर्गत पशुपालकों के विकास तथा पशुधन को आय के वैकल्पिक स्त्रोत के रूप में विकसित किया जाना, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के साथ कल्याण विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग का सामंजस्य के साथ योजना का संचालन करना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का उद्देश्य राज्य में दूध मांस एवं अंडा के उत्पादन में वृद्धि लाकर राज्य को आत्मनिर्भर बनाना, ग्रामीण क्षेत्र में पशुपालन के माध्यम से रोजगार सृजन तथा अतिरिक्त घरेलू आमदनी का सृजन,ग्रामीण पशुपालकों की आय में वृद्धि करना है। वहीं विभिन्न विभागों द्वारा पशुधन विकास से संबंधित सामान प्रकृति की योजनाओं को एक पटल पर क्रियान्वित करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए राज्य में पशुपालन विभाग,कल्याण विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत पूर्व से संचालित योजनाओं को समायोजित करते हुए मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का संचालन किया जाना है। लाभुकों के बीच बकरा, सुकर, बत्तख, मुर्गी, दुधारू गाय, समेत इत्यादि पशु, पक्षियों का वितरण किया जाएगा। पशुधन योजना के लाभुकों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु सरकार द्वारा यह योजना संचालित की गई है। आज के बैठक में सही लाभुकों को लाभ मिल सके इसके लिए सदस्यों का भी चयन किया गया। मौके पर बीडीओ वीरेंद्र किंडो, जिप सदस्य बलवंत सिंह, संपतिया देवी, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ राय, दिनेश प्रसाद, पूर्व उप प्रमुख उमेश यादव, जेएसएलपीएस मनोज कुमार, पशु चिकित्सक डॉक्टर हरेंद्र भगत, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, समेत के लोग उपस्थित थे।

## फादर संतोष मिंज के छह वर्ष पूरे होने का समारोह आयोजित

संत जेवियर महाविद्यालय को ऊंचाई तक पहुंचाने एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों की अहम भूमिका : फादर संतोष मिंज

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** संत जेवियर महाविद्यालय में हजारीबाग प्रोविंस के सुपिरियर व कॉलेज शासी निकाय के अध्यक्ष फादर संतोष मिंज छह वर्ष के कार्यकाल को पूरा होने के अवसर पर आभार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की अंग्रेजी विभाग की ओर से स्वागत गान प्रस्तुत किया गया एवं प्राचार्य फादर डॉ. एम.के. जोश द्वारा पुष्पगुच्छा, कॉलेज द्वारा प्रकाशित वार्षिक पत्रिका एवं पारंपरिक चादर ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया।शासी निकाय अध्यक्ष फादर संतोष ने आशीर्वचन संदेश में कहा कि महाविद्यालय एवं छात्र छात्राओं के नवनिर्माण में प्राध्यापकों की अहम भूमिका है। आप सभी उच्चतर योग्यताधारी और युवा प्राध्यापक गण है। आपके मार्गदर्शन पर छेछाडी घाटी छात्र-छात्राएं उन्नति की ओर अग्रसर हो रहे हैं और उत्तम शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही यह भी कहा कि कोई भी संस्था को सही रूप से संचालन हेतु संस्थान के शीर्ष को मजबूत बनाना होगा तभी सारे कार्य नियमित और अनुशासित रूप से हो पाएंगे। प्राचार्य डॉ. फादर एम.के. जोश ने शासी निकाय अध्यक्ष द्वारा किये गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि फादर संतोष के नेतृत्व में महाविद्यालय ने प्रचुर विकास तथा प्रगति हासिल की है। उनके उल्लेखनीय कार्यकाल के लिए हार्दिक बधाई देता हूं। सहायक प्राध्यापिका कीर्ति मिंज ने अपने अभिभाषण में फादर संतोष मिंज के द्वारा दिए गए उत्कृष्ट व प्रेरणादायक वचनों एवं उनके कार्यों का जिक्र किया। कार्यक्रम का संचालन सिस्टर चंद्रोदया के द्वारा किया गया। उप प्राचार्य सिस्टर कैशलीन जूलियट एवं अंग्रेजी विभाग ने मिलकर किया। इस दौरान प्रो रोश एलिस, प्रो रीमा रेणु, फादर डॉ राजीप, डॉ प्यारी कुजूर प्रो सुभास सामंत व महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक गण व विद्यार्थी गण उपस्थित थे। सहायक प्राध्यापिका रश्मि सुमन टोप्पो ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।



फादर संतोष मिंज को स्वागत करते।

## बाबा टांगीनाथ धाम विकास समिति का गठन

→ बाबा टांगीनाथ धाम विकास समिति महुआडांड़ के अध्यक्ष बने प्रदीप जायसवाल

**महुआडांड़।** स्थानीय दूर्गा बाड़ी महुआडांड़ में हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में बाबा टांगीनाथ धाम विकास समिति का विस्तार करने का निर्णय लिया गया। बाबा टांगीनाथ धाम विकास मुख्य समिति के लिए हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, बजरंग दल के पलामू प्रमंडल के विभाग संयोजक सुरज साहु, विहिप के प्रदीप जायसवाल एवं देवानंद प्रसाद का चयन किया गया वहीं महुआडांड़ समिती का गठन किया गया जिसमें प्रदीप जायसवाल को अध्यक्ष, शत्रुघ्न गुप्ता को उपाध्यक्ष, रामप्रवेश गुप्ता को सचिव, अजय उरांव को कोषाध्यक्ष, उज्जवल धनुष को मिडिया प्रमुख वहीं सदस्य के लिए नितीश साहु, रोहित सोनी, रविन्द्र ठाकुर, विवेक शर्मा, पंकज दास, लाल पुरूषोत्तम नाथ शाह, भुषण जायसवाल, राजन साहु, बिट्टू राय, मुक्तेश लाल, संजय जायसवाल, मुकेश कुमार जायसवाल, प्रभात जायसवाल, प्रिंस श्रीवास्तव, मदन गुप्ता, मनराज गज का चयन किया गया। बैठक में उपरोक्त समाजसेवी के अलावे समिति गठन के लिए विहिप डुमरी अध्यक्ष सह पालक संजय साहु, विहिप डुमरी उपाध्यक्ष बिजेंद्र पांडे, बाबा टांगीनाथ धाम के मुख्य पाहन कृपा बैगा, समिति के कोषाध्यक्ष विरेन्द्र जायसवाल, समिति संरक्षक गोविंद सिंह एवं समिति सदस्य अरविंद सिंह आदि उपस्थित रहे।



## क्रिकेट : मनिका विजेता व लातेहार उपविजेता



**मनिका।** मनिका प्रखंड अंतर्गत स्थित उच्च विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट का दिन गुरुवार को समापन किया गया। टूनार्मेंट का अंतिम मैच लातेहार और मनिका के टीमों के बीच खेली गई। जिसमें मनिका के टीम जीत दर्ज कर विजेता बनी व लातेहार की टीम उपविजेता रही। क्रिकेट टूनार्मेंट में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को शील्ड मेडल कप व नगद इनाम की राशि देकर सम्मानित किया। मौके पर रघुपाल सिंह, प्रतिमा देवी, छोटू राजा, बबन पासवान, विश्वनाथ पासवान, बलवंत सिंह, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## बाइक से कोयला तस्करी करने वाले पांच लोग गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल


जब्त मोटरसाईकल।

**बारियातू।** बालूमाथ एसडीपीओ को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बारियातू थाना प्रभारी बिंदेश्वर महतो ने छापेमारी अभियान चलाकर बाइक से कोयला तस्करी करने वाले पांच लोगों को लातेहार जेल भेज दिया। थाना प्रभारी श्री महतो ने बताया कि बालूमाथ एसडीपीओ को गुप्त सूचना मिली थी कि बारियातू थाना अंतर्गत टोंटी शिबला होते हुए बाईक से कोयला तस्करी की जा रही है। इसी गुप्त सूचना के आधार पर बारियातू थाना प्रभारी महतो के नेतृत्व में शिबला राजगुरु गोनिया जाने वाली पक्की सड़क में अभियान चलाकर पांच बाईक कोयला तस्करों को पकड़ा। जिसमे मुन्ना यादव पिता अर्जुन यादव ग्राम आरा हातु, राजकुमार राम पिता उमेश राम ग्राम बालू, लालू साव पिता बासुदेव साव ग्राम बांदु, मंटू कुमार पिता लखन साव ग्राम बांदु व बैजनाथ साव पिता किरोधर साव ग्राम कुट्टी रहनिया सभी चतरा जिले के है। सभी को लातेहार जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी श्री महतो ने कहा कि किसी भी स्थिति में कोयला तस्करी नहीं होने दी जाएगी। छापेमारी अभियान में एसआई दीपक नारायण सिंह, एएसआई द्वारिका नाथ पांडेय, हवलदार मुनेश्वर राम,मनोज कुमार, मुसाफिर यादव सहित कई जवान शामिल थे।

## डीसी ने लातेहार व बालूमाथ में मतदान केन्द्रों का लिया जायजा

➲ उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार गंभीरता पूर्वक कार्य करने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिले के सभी मतदान केन्द्रो में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2023 का कार्य प्रगतिरत है। इसी क्रम में आज मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त भोर सिंह यादव द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने वहां किए जा रहे मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के संबंध में विस्तार से जानकारी लिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त भोर सिंह यादव द्वारा लातेहार अंतर्गत नेवाड़ी पंचायत, बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत ईचाक, झाबर, मार्गलोइया के विशुनपुर क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर मतदान केंद्रों पर चल कार्यों का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने सभी बीएलओ, सुपरवाइजर सहित अन्य कर्मियों से नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने व मृत, स्थानांतरित मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाने हेतु किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई व 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले प्रत्येक मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सभी कर्मियों को वोटर हेल्पलाइन एप के प्रति व्यापक प्रचार प्रसार कर सभी मतदाताओं को इसकी जानकारी देने एवं इसके माध्यम से उन्हें मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से लिंक करने हेतु अब तक किए गए कार्यों की बूथ वार जानकारी लेने के उपरांत उपायुक्त ने योजनाबद्ध तरीके से जल्द से जल्द सभी मतदाताओं का मतदाता पहचान पत्र आधार कार्ड से लिंक करने हेतु कार्य करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, लातेहार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बालूमाथ, अंचल पदाधिकारी, बीएलओ एवं अन्य उपस्थित थे।


मतदान केंद्र का निरीक्षण करते उपायुक्त।

